हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 28 मार्च 2026

06 श्रीराम नवमी पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा...

07 नपा से 68 करोड़ 10 लाख 97 हजार 206 का...




## खबर संक्षेप

### जिले में 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा गेहूं का उपार्जन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 1 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी जिलों से उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय के लिए लाई जाने वाली उपज के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत बाहर से गेहूं के अवैध परिवहन पर निगरानी बनाए रखने और इसे रोकने के आदेश दिए हैं। उन्होंने आदेश दिए हैं कि मंडी एवं उप मंडी में गेहूं की आवक व विक्रय पर निगरानी रखे और अवैध परिवहन पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही करें।

### हिट एंड रन मामलों में बैठक आयोजित

**सीहोर।** हिट एंड रन के प्रकरणों में तेजी से कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा द्वारा अनुभाग के सभी तहसीलदारों एवं थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसडीएम श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हिट एंड रन के मामलों में प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को शीघ्र राहत पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, इसलिए ऐसे मामलों में देरी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि समय पर कार्रवाई से पीड़ितों एवं उनके परिजनों को जल्द सहायता मिल सकेगी, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान संभव होगा।

### रामनवमी के दिन ही सीहोर जिला मुख्यालय के आसपास 4 खेतों में लगी आग, जिम्मेदार बने मूक दर्शक

# बैठकों में सीमित रहे कलेक्टर बालागुरू के निर्देश
# हर दिन खेत में जली नरवाई, खाक हो रही फसल

### मार्च महीने में सीहोर जिला मुख्यालय के आसपास एक दर्जन से अधिक गांवों में नरवाई और फसलें आग से हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली समय सीमा की बैठकों में कलेक्टर के निर्देश फाइलों और सभागार की दीवारों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। जमीनी हकीकत इसके उलट है। जिले में गर्मी की दस्तक के साथ ही खेतों में नरवाई जलाने का सिलसिला बेखौफ जारी है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि आसपास खड़ी गेहूं की फसलें भी खाक हो रही हैं। कृषि विभाग और राजस्व अमले की निष्क्रियता के चलते किसान अपनी साल भर की कमाई को आंखों के सामने जलता देखने को मजबूर हैं।

बता दें कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा प्रत्येक टीएल बैठक में कृषि विभाग को सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं कि किसानों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्हें बताया जाए कि आग लगाने से जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है और मित्र कीट मर जाते हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जुर्माना लगाने और संयुक्त निगरानी के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद मैदानी अमले ने इन निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया। न तो किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया और न ही आग लगाने वालों पर कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई की गई।

#### केवल मुख्यालय का हाल, जिले की तस्वीर और भी भयावह

गौर करने वाली बात है कि उक्त घटनाएं केवल जिला मुख्यालय के आसपास की हैं। सीहोर जिले का विस्तार बुदनी, आष्टा और इछावर विधानसभा क्षेत्रों तक है। यदि इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण अंचलों के आंकड़े जुटाए जाएं तो आगजनी की यह तस्वीर और भी भयावह नजर आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में दमकल वाहनों की कमी और कृषि विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण किसान भगवान भरोसे हैं।

#### जनता में डर, प्रशासन बेफिक्र

खेतों में लगती आग से आम जनमानस और किसान डरा हुआ है। एक तरफ जहां किसान अपनी पकी हुई फसल को बचाने के लिए रात-दिन पहरा दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सिस्टम पूरी तरह बेफिक्र नजर आ रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने का अभाव और वैकल्पिक नरवाई प्रबंधन जैसे रीपर या अन्य मशीनरी के प्रति उदासीनता ने आग में घी डालने का काम किया है।

#### मार्च महीने में आगजनी का तांडव

सोशल मीडिया और फेसबुक पर हर दिन खेतों में लगती आग के वीडियो और फोटो वायरल हो रहे हैं, जो प्रशासन के दावों की पोल खोल रहे हैं। केवल सीहोर शहर के आसपास के क्षेत्रों पर नजर डालें तो आंकड़े डराने वाले हैं।

27 मार्चः ग्राम थूना खुर्द में आग ने इतना विकराल रूप लिया कि खेत में बना घर भी जलकर राख हो गया। इसी दिन मुंगावली, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे और रामाखेड़ी के खेतों में भी आग ने जमकर तांडव मचाया।

26 मार्चः ग्राम कपूरी और महोडिया में नरवाई की आग ने भारी नुकसान पहुंचाया।

ये महज एक ही फेसबुक की एक आईडी से प्राप्त जानकारी

27 मार्चः ग्राम थूना खुर्द में फसल के साथ खेत पर बना घर में आग से हुआ खाक

27 मार्चः ग्राम मुंगावली में लगी आग, ग्रामीणों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

24 मार्चः मुगीसपुर डिमार्ट के समीप कबाड़े की दुकान में लगी आग

16 मार्चः बरखेड़ी-हीरापुर के बीच गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग

16 मार्चः ग्राम आलपुरा गांव में खेत में लगी भीषण आग

16 मार्चः लसूड़िया परिहार में खेतों में लगी आग

15 मार्चः मुल्लानी गांव में लाइट फाल्ट होने से खेत में लगी आग

14 मार्चः ग्राम चांदबड़ में खेतों में लगी आग

12 मार्चः गुड़भेला वेयर हाउस के पीछे सेतोष के खेत में लगी आग, डेढ़ एकड़ की फसल स्वाह

11 मार्चः झागरिया रोड पर गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग.

09 मार्चः ग्राम निपानियां खुर्द में खड़ी फसल में लगी आग

#### किसान परेशान, किसानों ने सरकार से की राहत राशि एवं बीमा राशि देने की मांग



ग्राम राम खेड़ी में गेहूं की फसल में लगी अचानक भीषण आगजनी से 15 एकड़ की गेहूं की फसल जलकर हुई खाक दुखी किसान परेशान किसानों ने सरकार से लगे राहत राशि एवं बीमा राशि देने की मांग किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा को ग्राम राम खेड़ी के किसानों ने बताया कि हमारे लगभग की गेहूं की फसल में आगजनी से नष्ट हो गई जलकर खाक हो गई जिनमें किसान कुबेर सिंह मेवाडा 3:30 एकड़ भूमि एवं किसान दिलीप सिंह 3:30 एकड़ भूमि एवं गोपाल सिंह में बड़ा किसान दो एकड़ भूमि धर्मेंद्र किसान की एक एकड़ भूमि किसान अरविंद मेवाड़ा 1 एकड़ भूमि किसान बाबूलाल की दो एकड़ भूमि ऐसे लोग किसानों के लगभग 15 एकड़ भूमि की भूमि में गेहूं की फसल खड़ी थी जिसमें अचानक अज्ञात कारण से आग लगने से गेहूं की फसल पूरी जलकर नष्ट हो गई इस मौके पर सभी किसानों ने दूरभाष पर कृषि अधिकारी श्री देवड़ा जी से चर्चा की तो श्री देवड़ा जी ने किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा को बताया कि की गेहूं की फसल में अचानक आग लगने से इन किसानों को बीमा राशि देने का नियम नहीं है आप तहसील जाइए तहसील से राहत राशि मिलेगी इस बात को दुखी होकर के किसानों ने खेत में जली हुई फसल में प्रदर्शन का नारे लगाते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एवं क्षेत्र के सांसद व केंद्र कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से मांग करिए कि हम किसानों की गेहूं की फसल में अज्ञात कारण से यदि आग लगती है तो राहत राशि तो मिल जाती है लेकिन हम किसानों की बीमा राशि क्यों नहीं मिलती जबकि हर फसल का बीमा बैंक ऑटोमेटिक काट लेती है लेकिन आग लगने के बीमा नहीं मिलता है तो किसानों ने मांग की है कि आग लगने का भी नियम कानून बनाया जाए और उसका भी बीमा राशि मिलना चाहिए।

# बंपर आवक और युद्ध के बीच मंडियों में 'तालाबंदी', अन्नदाताओं की बढ़ी धड़कनें

### 11 दिनों में से सिर्फ 2 दिन खुलेगी सीहोर मंडी, ईरान-इजराइल संकट से निर्यात पर रोक का डर



**सीहोर।** खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार है और मंडियों में बंपर आवक का दौर शुरू हो चुका है, लेकिन ठीक इसी समय त्योहारों और बैंक क्लोजिंग के 'अवकाश' किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बनकर सामने आए हैं। 26 मार्च से लेकर 5 अप्रैल तक के 11 दिनों के भीतर सीहोर मंडी में केवल 2 दिन ही नीलामी कार्य होगा। छुट्टियों के इस लंबे सिलसिले ने उन किसानों की चिंता बढ़ा दी है, जो वैश्विक हालातों को देखते हुए अपनी उपज जल्द से जल्द बेचना चाहते हैं।

मंडियों के बंद होने से किसान इसलिए भी ज्यादा चिंतित हैं क्योंकि वर्तमान में ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की स्थिति बनी हुई है। बाजार में चर्चा है कि केंद्र सरकार भारत से गेहूं के निर्यात पर रोक लगा सकती है। ऐसी स्थिति में गेहूं के दामों में गिरावट आने की आशंका है। किसान चाहते हैं कि भाव गिरने से पहले वे अपनी फसल बेच दें, लेकिन मंडी के लगातार अवकाश उनकी राह में रोड़ा बन रहे हैं।

**कब खुलेगी और कब बंद रहेगी मंडी :** मंडी प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार छुट्टियों का क्रम गुरुवार से शुरू हो गया है, जो अप्रैल के पहले सप्ताह तक चलेगा। 26 मार्च अष्टमी का अवकाश रहा, जबकि आज 27 मार्च रामनवमी की छुट्टी। 28 मार्च शनिवार बैंक अवकाश। 29 मार्च साप्ताहिक अवकाश। 30 मार्च मार्च क्लोजिंग के कारण बंद। 31 मार्च महावीर जयंती का अवकाश। 1 अप्रैल बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी नीलामी बंद। 2 अप्रैल नीलामी कार्य चालू रहेगा। 3 अप्रैल गुड फ्राइडे का अवकाश। 4 अप्रैल नीलामी कार्य चालू रहेगा। 5 अप्रैल रविवार साप्ताहिक अवकाश।

#### किसानों की अपील, विशेष व्यवस्था करे प्रशासन

लगातार अवकाशों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के पास उपज रखने की जगह कम पड़ रही है, वहीं मौसम के बदलते मिजाज और आगजनी की घटनाओं का डर भी उन्हें सता रहा है। किसानों की मांग है कि आवक के इस पीक सीजन को देखते हुए प्रशासन को बीच की छुट्टियों में नीलामी के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता निकालना चाहिए ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

# 67 हजार के लिए 5 लाख का ट्रैक्टर कुर्क, 'कृषक वर्ष' में अन्नदाता को विभाग दे रहा 'जब्ती' का सम्मान!

**सीहोर।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने इस वर्ष को कृषक वर्ष घोषित किया है, जिसका उद्देश्य किसानों का सम्मान करना और उनकी आय बढ़ाना है। लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। सीहोर जिले में बिजली विभाग ने किसानों के खिलाफ जो मोर्चा खोला हैए उसने सरकार के किसान हितैषी दावों पर सवालिया निशान लगा दिया है। विभाग महज 67 हजार रुपये की बकाया राशि के लिए किसानों के 5 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले ट्रैक्टर कुर्क कर रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और बढ़ते जन आक्रोश के बीच बिजली कंपनी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। जनसंपर्क विभाग के माध्यम से जारी जानकारी में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक संजीव सिंह ने स्वीकार किया कि जिले में कुर्की की कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि ग्राम रलावती के किसान मोर सिंह पर घरेलू और कृषि पंप का कुल 67 हजार 806 रुपये बकाया था। विभाग का दावा है कि 12 मार्च को अंतिम नोटिस देने के बाद ही नियमानुसार ट्रैक्टर की जब्ती की गई है।

#### मंडी में छुट्टी, खेतों में फसल, किसान आखिर कहां से लाए पैसा

बिजली विभाग की यह कार्रवाई उस समय हो रही है जब किसान सबसे ज्यादा लाचार है। वर्तमान में गेहूं और अन्य फसलें खेतों में खड़ी हैं। कटाई और थ्रेसिंग के लिए किसान को ट्रैक्टर की सबसे अधिक जरूरत है, लेकिन विभाग उसी आधार को छीन रहा है। सीहोर की मंडियों में फिलहाल अवकाश है और समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी ने अभी रफ्तार नहीं पकड़ी है। ऐसे में किसान के पास बिल भरने के लिए नगद राशि उपलब्ध नहीं है। जिस ट्रैक्टर के सहारे किसान अपनी उपज मंडी ले जाकर कर्ज चुकाने की सोच रहा था, अब वही ट्रैक्टर विभाग के कब्जे में है।

#### सत्ता पक्ष की खामोशी और कांग्रेस हमलावर

हैरानी की बात यह है कि कृषक वर्ष मनाने वाले सत्ताधारी दल के स्थानीय नेता इस पूरी कार्रवाई पर मौन साधे हुए हैं। दूसरी ओर कांग्रेस ने इसे सरकार की श्दोहरी नीतिश बताया है। कांग्रेस का आरोप है कि एक तरफ मंचों से किसानों के सम्मान की बातें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ गनमैन के साये में किसानों के घरों से ट्रैक्टर उठवाए जा रहे हैं।

#### अन्नदाता का ये कैसा सम्मान?

ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। किसानों का कहना है कि सरकार और विभाग को कम से कम फसल बिकने तक का इंतजार करना चाहिए था। 5 लाख का ट्रैक्टर 67 हजार के लिए जब्त करना किसी सम्मान से कम नहीं, बल्कि अन्नदाता का सरेआम अपमान है।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ली, मां के भक्तों ने लगाए जयकारे

# मरीह माता मंदिर पर अंतिम दिन भंडारे में उमड़ा आस्था का सैलाब, आज किया जाएगा विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन है और इस दिन मां भगवती की 9वीं शक्ति मां सिद्धिदात्री देवी की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की ऐसा विश्वास है कि इनकी पूजा पूरे विधि विधान के साथ करने वाले उपासक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया, इस मौके पर शुक्रवार की सुबह चार बजे से ही यहां पर भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात्रि तक जारी रहा। नवरात्रि के अंतिम दिन यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई और सुबह दस बजे यहां पर जारी यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया।

भव्य भंडारे में शहर सहित आस-पास से आए करीब आठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जिला संस्कार मंच के जितेन्द्र तिवारी, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, सुनील चौकसे, यश अग्रवाल, रामू सोनी, पंकज झंवर, हृदेश राठौर आदि ने कन्याओं को चुनरी भेंट की। भंडारे का आयोजन सभी के सहयोग से किया गया था, वहीं देर रात्रि को महा अष्टमी के पावन अवसर पर हर साल की तरह महानिशा आरती का आयोजन भी किया गया था। अब शनिवार को देवी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा ने बताया कि मरीह माता मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है, मंदिर परिसर में हर नवरात्रि पर पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि साल में चार नवरात्रि पर कन्याओं की पूजन की जाती है और भंडारे का आयोजन दो नवरात्रि चैत्र और शरदीय पर होता है। करीब 150 साल से यहां पर पूजा अर्चना का क्रम जारी है।

**मां सिद्धिदात्री अष्ट सिद्धि से युक्त हैं :** जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि राम नवमी के दिन मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। नवमी पर नवरात्रि का समापन होता है, मां सिद्धिदात्री अष्ट सिद्धि से युक्त हैं, मान्यता है कि नवरात्रि के आखिरी दिन दुर्गा नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा करने वालों समस्त सिद्धियों का ज्ञान प्राप्त होता है, बुद्धि और विवेक में वृद्धि होती है। गंधर्व, किन्नर, नाग, यक्ष, देवी-देवता और मनुष्य सभी इनकी कृपा से सिद्धियों को प्राप्त करते हैं। इस दिन माता की पूजा के बाद हवन, कन्या पूजन किया जाता है और फिर नवरात्रि व्रत का पारण करते हैं।

मां भक्तों को हर प्रकार की सिद्धि प्रदान करती हैं। उनको मां दुर्गा की 9 वीं शक्ति माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भी पूरी विधि से उनकी साधना करता है उसे पूर्ण सृष्टि का ज्ञान प्राप्त होता है और उसमें ब्रह्मांड पर विजय प्राप्त करने की क्षमता आ जाती है। देवी सिद्धिदात्री का वाहन सिंह है। वह कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं।

# उत्साह के साथ की भगवान श्रीराम की आरती और 501 कन्याओं का पूजन

### कुबेरेश्वरधाम पर मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन राम नवमी पर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस मौके पर भगवान श्रीराम और बाबा का पूजन ढोल-नगाडों के साथ अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने किया और उसके बाद यहां पर आने वाले करीब 501 कन्याओं को भोजन प्रसादी कराई और दिन भर यहां पर भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित प्रदीप मिश्रा ने नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्या पूजन का विशेष संदेश दिया है और स्वयं भी कन्याओं का पूजन किया। उन्होंने नवमी पर कन्याओं के चरण धोकर, तिलक लगाकर, चुनरी ओढ़ाकर और भोजन खीर-पूरी कराकर माता रानी स्वरूप उनका आशीर्वाद लिया, साथ ही घर में बेटी के जन्म का महत्व भी समझाया। सुबह से ही कुबेरेश्वरधाम पर घंटियों और शंख की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ का आशीर्वाद किया। सुबह यहां पर जारी यज्ञ का समापन भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा के सानिध्य में करीब आधा दर्जन से अधिक पंडितों की उपस्थिति में विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला, आशीष वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, आकाश शर्मा, यश अग्रवाल, सौभाग्य मिश्रा, रविन्द्र नायक, कुणाल गोस्वामी, बंटी परिहार आदि शामिल थे। शुक्रवार की सुबह भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने आस-पास से आने वाली करीब 501 से अधिक कन्याओं का पूजन कर भोग लगाया। चैत्र नवरात्र की नवमी का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है, क्योंकि इसी दिन मर्याद पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को राम-नवमी कहा जाता है और इस दिन भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है।

खबर संक्षेप



### सीहोर रेड ने सीहोर ग्रीन को 2-1 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में गुरुवार की शाम को रोमांचक मुकाबला सीहोर रेड और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर रेड ने 2-1 से शानदार जीत हासिल की। इस मुकाबले में सीहोर रेड की ओर से अंतिम समय में राज ने एक गोल किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को सीहोर ग्रीन और सीहोर रेड के मध्य कांटे का मुकाबला खेला गया। इसमें रेड और ग्रीन दोनों ही हाफ टाइम तक एक-एक गोल से बराबरी पर थी, लेकिन रेड ने अंतिम समय पर गोल कर जीत हासिल की। इस मैच में सीहोर रेड की ओर से राज-अग्रीम ने एक-एक गोल और ग्रीन की ओर से एक मात्र गोल अंश ने किया।

### भगवन भक्ति में डूबे श्रद्धालु, नगर हुआ राममय, सड़कों पर गाजे-बाजे की धुनों पर झूमे लोग

# श्रीराम नवमी पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा, गूंजे जय श्रीराम के जयघोष

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो दुर्गा चौक, जेपी मार्केट, रॉयल मार्केट से होते हुए छोटा बाजार स्थित श्रीराम मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



रामनवमी के पावन अवसर पर नगर भैरुंदा श्रद्धा, आस्था और उल्लास के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आया। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में डुबो दिया। गायत्री मंदिर से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों-दुर्गा चौक, जेपी मार्केट, रॉयल मार्केट से होते हुए छोटा बाजार स्थित श्रीराम मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण सुसज्जित बग्गी में विराजमान भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी रही, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। झांकी की भव्यता और दिव्यता ने सभी का मन मोह लिया। आगे-आगे चल रहे श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लिए "जय श्रीराम" के गगनभेदी जयघोष करते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा नगर रामनाम के उद्घोष से गूंज उठा। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और भजनों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु भक्तगण उत्साहपूर्वक झूमते-नाचते नजर आए। जगह-जगह बजते धार्मिक गीतों और भजनों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। शोभायात्रा में शामिल सजे-धजे घोड़े भी अपनी आकर्षक चाल और नृत्य से लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और नगरवासियों ने शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। मार्ग के दोनों ओर खड़े लोगों ने श्रद्धाभाव से भगवान श्रीराम के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरा नगर भगवा रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया, जहां हर गली और चौक पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। श्रीराम मंदिर पहुंचने के पश्चात विधि-विधान के साथ विशेष पूजा-अर्चना एवं





महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान की आराधना की। आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान भैरुंदा थाना पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था और सुव्यवस्थित प्रबंधन के चलते शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित

**पेड़ और जल स्त्रोतों की पूजा कर दिया जल एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम छतरी, रायपुरा और मुहाली में "जल शक्ति से नव भक्ति" कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृक्ष एवं जल स्त्रोतों का पूजन कर जल एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया और ग्रामवासियों को जल और प्रकृति के संरक्षण के प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम ब्लॉक समन्वयक श्री प्रदीप सिंह सेंगर ने जल मंदिर की स्थापना, प्रभात फेरी, कलश यात्रा, भूमि पूजन, भजन संध्या, दीपमाला, देवी गीत, संकीर्तन, आरती, जल प्रबंधन एवं नर्सरी स्थापना सहित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामवासियों को बताया कि इस अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से ही सफल बनाया जा सकता है, इसलिए हम का यह दायित्व है कि हम आगे आकर जल स्त्रोंतो और पेड़ों का संरक्षण करें और इस अभियान को सफल बनाएं।

## सामल माता मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा, नवमी पर भंडारे का आयोजन



**सीहोर।** जिले के ग्राम रायपुरा के पास पहाड़ी पर स्थित सामल माता मंदिर में नवमी के अवसर पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। सीहोर विधायक सुदेश राय ने भी मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की।

विधायक सुदेश राय ने इस अवसर पर सभी को श्री रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन हमें सत्य और साहस का मार्ग दिखाता है, तथा हर परिस्थिति में कर्तव्य पथ पर डटे रहने की शक्ति प्रदान करता है।

सामल माता मंदिर स्थानीय लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। हर साल नवमी पर यहां भंडारे और धार्मिक आयोजनों के साथ एक मेले का भी आयोजन होता है। इसमें आसपास के गांवों और जिला मुख्यालय से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। सुबह से शाम तक हजारों भक्तों ने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की।

सीहोर नगर के अन्य देवी मंदिरों में भी नवमी पर विशेष पूजा-अर्चना का दौर जारी रहा। कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित करौली वाली माता मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, गंज स्थित माता मंदिर, शुगर फैक्ट्री चौराहा स्थित माता मंदिर और मैन रोड पर स्थित कालका मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

## मार्केटिंग सोसाइटी में कर्मचारियों का शोषण, 7 माह से वेतन लंबित

**भैरुंदा।** नगर की मार्केटिंग सोसायटी में कार्यरत कर्मचारियों के साथ गंभीर आर्थिक और मानसिक शोषण का मामला सामने आया है। यहां सात कर्मचारियों को पिछले करीब सात महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने रोजमर्रा का खर्च चलाना तक मुश्किल हो गया है।

अगस्त 2025 से वेतन रुके होने के कारण कर्मचारियों पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है और परिवार के पालन-पोषण में भी भारी दिक्कतें आ रही हैं।कर्मचारियों का आरोप है कि वे नियमित रूप से काम करने के बावजूद न तो समय पर भुगतान हो रहा है और न ही उन्हें न्यूनतम मजदूरी के अनुसार वेतन दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों को मात्र 5500 से 7500 रुपए तक का भुगतान किया जाता था, जो कलेक्टर दर से भी कम है। वेतन मांगने पर तत्कालीन शाखा प्रबंधक द्वारा नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती थी, जिसके चलते कर्मचारी लंबे समय तक चुप रहने को मजबूर रहे।इसी बीच सोसायटी में खाद की कालाबाजारी और वितरण में गड़बड़ी की शिकायतें भी सामने आईं। ग्राम छिदगांव के किसान द्वारा की गई शिकायत के बाद जांच में अनियमितताएं सही पाई गईं और तत्कालीन प्रबंधक मनोहर पवार को निलंबित कर दिया गया।

इसके बाद कर्मचारियों के रुके वेतन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।मामले में वर्तमान प्रभारी शाखा प्रबंधक मुकेश पवार का कहना है कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है और वेतन भुगतान से जुड़े दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है। जल्द ही प्रशासक से चर्चा कर कर्मचारियों का बकाया भुगतान कराने का प्रयास किया जाएगा।

## अनादिकाल से जीव और कर्म का संबंध है : मुनिश्री संस्कार सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जैन संत आचार्य विनिश्चय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री संस्कार सागर महाराज ससंघ के सिध्दपुर नगर सीहोर मे प्रातः मंडी नाके पर मंगल प्रवेश पर श्रध्दालुओ ने पंहुचकर भक्ति भाव से भव्य विशाल बैंड बाजो के साथ अगवानी कर पद प्रच्छालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया । तत्पश्चात शोभायात्रा के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होकर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर स्थित छावनी पंहुचे जंहा धर्म सभा मे श्रध्दालुओ को संबोधित करते हुए मुनिश्री के ने प्रवचन के दौरान कहां कि अनादिकाल से जीव और कर्म का सम्बन्ध है।

संसार में जो विषमता जैसे गरीब-धनिक, सुखी-दुःखी, ज्ञानी-अज्ञानी इत्यादि सब प्रत्येक जीव के अपने-अपने कर्मों का फल है। जीव अपने मन-वचन-काय इन तीन योग से राग-द्वेषादि भाव करते रहता है। उस समय जैसे तप्त लोहे को जल में डालते ही वह जल को खींच लेता है, उसी तरह प्रतिक्षण इन पुद्गल परमाणुओं का आत्मप्रदेश से सम्बन्ध पाकर वे परमाणु कर्मरूप परिणत होते हैं। मनुष्य के शुभ अशुभ कार्य का कारण ही कर्म से बनते है। तत्पश्चात मुनि श्री ,ऐलक श्री की आहार चर्या विधी विधान से संपन्न कर श्रावक श्राविकाओ ने पुण्य लाभ अर्जित किया । दोपहर मे स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा मे श्रध्दालुओ ने ज्ञानार्जन किया । संध्या को गुरु भक्ति संगीतमय आरती ,भजन कीर्तन कर भगवान का स्मरण किया ।

### उद्योगों में बाल श्रम पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर शून्य रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश में 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों का खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। सहायक श्रम आयुक्त सुश्री राखी जोशी ने बताया है कि श्रम स्टार रेटिंग के अंतर्गत यदि किसी संस्थान में बाल श्रम अथवा बंधक श्रम पाया जाता है, तो जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उस संस्थान को शून्य अंक दिए जाएंगे। इस संबंध में मध्यप्रदेश के सभी श्रम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिन संस्थानों में बाल या बंधुआ श्रमिक नियोजित नहीं हैं, उन्हें अन्य मापदंडों में कुछ कमी होने के बावजूद श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार : प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर

### प्रभारी मंत्री ने सीहोर में नवीन विद्युत सब स्टेशन का किया लोकार्पण



**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने सीहोर मंडी में 02 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से निर्मित मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस विद्युत सब स्टेशन के प्रारंभ होने से क्षेत्र के नागरिकों को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत के साथ ही बिजली की मांग बढ़ जाती है, ऐसे समय में इस नए सब स्टेशन की स्थापना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। इससे बिजली आपूर्ति अधिक सुचारू होगी और बार-बार आने वाली तकनीकी बाधाओं में भी कमी आएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बिजली, सड़क, पानी और कृषि से जुड़ी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हर क्षेत्र में विकास की गति तेज हो और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, कलेक्टर बालागुरू के., सुदीप प्रजापति सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

## सेवा भारती की सेवा निधि में सहयोग:विनय यादव ने दिए 20 हजार रुपए, शिक्षा केंद्र को लिया गोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



सेवा कार्यों में अग्रणी संस्था सेवा भारती द्वारा संचालित सेवा निधि संग्रह अभियान को समाजसेवियों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में बुधनी निवासी विनय यादव (भारतीय विद्या मंदिर, भारतीय हॉस्पिटल) ने अपने स्वर्गीय पिताजी गिरीश यादव की स्मृति में प्रेरणादायी पहल करते हुए 20 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विनय यादव ने सेवा भारती के अंतर्गत संचालित ज्योतिबा फुले शिक्षा संस्कार केंद्र, नर्मदा बस्ती बुधनी को एक वर्ष के लिए गोद लिया है। उनके इस सहयोग से केंद्र के संचालन के साथ ही बच्चों के शैक्षणिक एवं संस्कारिक विकास को मजबूती मिलेगी। सेवा भारती सिद्धपुर इकाई ने विनय यादव के इस सराहनीय योगदान पर आभार व्यक्त किया है। संस्था का कहना है कि ऐसे सहयोग से वंचित वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार प्राप्त करने में सहायता मिलती है। साथ ही संस्था ने समाज के अन्य लोगों से भी सेवा कार्यों में आगे आकर सहयोग करने की अपील की है।

### निरंतर मेहनत करने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए किया प्रेरित

# जिला स्तरीय ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 मेधावी बच्चों को कलेक्टर और सीईओ ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 8 तक के विषयवार टॉप करने वाले जिले के 32 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को ट्रैकसूट, कैप, बैग, पानी की बोतल, टिफिन, ज्योमेट्री बॉक्स की किट, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही सभी बच्चों के माता-पिता एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 1738 बच्चों ने सहभागिता की थी, जिसमें से 32 बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. एवं सीईओ श्रीमती यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही सफलता प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के साथ ही उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत करते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर वर्मा, अशोक वर्मा, सुरेंद्र यादव, लखन माहेश्वरी और प्रदीप नागिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने के लिए रिंग मशीन से की जा रही बंद नलकूपों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिए विभागीय रिंग मशीन के माध्यम से बन्द हो चुके नलकूपों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। जिससे नालकूम चालू बने रहें और नागरिकों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े। विभाग द्वारा मशीन के माध्यम ग्राम महोडिया, राजूखेड़ी, खंडवा, सतपोन, कुलांसकला, आबिदाबाद सहित कुल 08 स्थानों पर नलकूपों की सफाई का कार्य कराया गया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस महीने में विभाग को पेयजल से संबंधित हैंडपंप एवं नलजल योजना से संबंधित लगभग 131 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से विभाग द्वारा 98 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। विभाग द्वारा जिले में 55 हैंडपंपों में राइजर पाइप बढाए गए है तथा 14 हैंडपंपों के नलकूपों में सिंगलफेस मोटर पंप डालकर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की गई है।

### नगर में होंगे कई विकास कार्य, कई निर्णय पर विमर्श के बाद सहमति

# नपा से 68 करोड़ 10 लाख 97 हजार 206 का अनुमानित बजट हुआ पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

नगर पालिका परिषद का विशेष सम्मेलन गुरुवार को जल संसाधन विभाग के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान वर्ष 2026-27 के लिए 68 करोड़ 10 लाख 97 हजार 206 रुपये का अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न प्रशासनिक प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिसमें सभी 22 प्रस्तावों को एकमत से मंजूरी मिली है। सम्मेलन में नगर पालिका की स्वामित्व वाली उस भूमि पर भी चर्चा हुई, जिसे वर्ष 2012-13 में मधुमिलन फैक्ट्री को लीज पर दिया गया था। लीज अवधि समाप्त होने के बाद, यह निर्णय लिया गया कि भूमि को पुनः नगर पालिका को हस्तांतरित कराया जाए और बकाया राशि की वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।




### मुख्यमंत्री द्वारा दिए 10 करोड़ से यह होंगे विकास कार्य

मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 10 करोड़ रुपये की राशि के तहत कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति मिली। इनमें ओल्ड सुठालिया रोड पर 50 लाख रुपये की लागत से डामरीकरण, ऑडिटोरियम के आंतरिक कार्यों के लिए 150 लाख रुपये, राजगढ़ रोड पर सब्जी विक्रेताओं के लिए टीनशेड निर्माण हेतु 50 लाख रुपये और दशहरा मैदान में आरसीसी निर्माण के लिए 100 लाख रुपये शामिल हैं।इसके अतिरिक्त, शहर के सभी वार्डों में सीसी रोड और नाली निर्माण के लिए 450 लाख रुपये तथा अंजनीलाल मंदिर मार्ग पर सीसी निर्माण के लिए 200 लाख रुपये की मंजूरी दी गई।

जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जल शुद्धिकरण सामग्री, हैंडपंप उपकरण और पाइप मरम्मत सामग्री की खरीद को स्वीकृति प्रदान की गई। स्ट्रीट लाइट के संचालन एवं संधारण, विद्युत सामग्री क्रय और भविष्य में सोलर लाइट व्यवस्था लागू करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली।नए नगर पालिका भवन के निर्माण के लिए स्थान का चयन कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही गीता भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने पर भी सहमति बनी।

### दुकानों की फिर होगी नीलामी प्रक्रिया

दुकानों की पुनः नीलामी प्रक्रिया और बकाया प्रीमियम राशि जमा न करने पर दुकानों को राजसात करने जैसे प्रस्तावों को भी पारित किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी कुशवाह, सांसद प्रतिनिधि पवन कुशवाह, उपाध्यक्ष अतुल जगताप सहित सभी पार्षद, सीएमओ इकरार अहमद उपस्थित थे।

### अभा ग्राहक पंचायत का ग्राहक जागरुकता कार्यक्रम

# भारत व रुपया मजबूत करने स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग जरूरीः दिनकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़








अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इकाई नरसिंहगढ़ द्वारा सम्राट विक्रमादित्य एकेडमी नरसिंहगढ़ में जिला स्तरीय ग्राहक सम्मेलन एवं प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता दिनकर सबनीस राष्ट्रीय संगठन मंत्री ग्राहक पंचायत, मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण चौहान सह प्रांत समरसता प्रमुख, विशिष्ट अतिथि अलंकार वशिष्ट मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री एवं सुरेन्द्र सक्सेना सदस्य जिला उपभोक्ता फोरम राजगढ़, कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष विवेक भटनागर, प्रांत सचिव राजेश बाबू दांगी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत मां भारती एवं स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्जवलन के साथ की गई। कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन अतिथियों ने उपस्थित ग्राहक शक्ति एवं ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। मुख्य वक्ता सबनीस जी ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत और रूपया को मजबूत करना है तो स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग आवश्यक है, उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्वदेशी एवं विदेश वस्तुओं के क्रय विक्रय से भारतीय रूपया और डॉलर के मूल्य के अंतर को स्पष्ट किया तथा उन्होंनें कहा कि बाजार परिवर्तन हो या व्यवस्था परिवर्तन ग्राहक को आवाज उठाना चाहिए, क्योंकि ग्राहक रहेगा मौन तो उसकी सुनेगा कौन, ग्राहक पंचायत के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में किये गये प्रयासों से आये परिवर्तनों एवं ग्राहकों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताते हुये उन्होनें भारत सरकार द्वारा ग्राहकों के लिये जारी हेल्पलाईन नंबरों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण चौहान ने कहा कि देश निरंतर विकास कर रहा है और समाज में जागृति आ रही है, समाज को सशक्त बनाना हमारा काम है, देश के प्रत्येक नागरिक स्व को लेकर अपना कार्य करेंगे तो हम किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे। अलंकार वशिष्ठ ने ग्राहक पंचायत संगठन की इतिहास और उद्देश्य के बारे विस्तार से सभी को जानकारी दी। ग्राहक पंचायत का कार्य आज गांव गांव तक पहुंच गया। हमारा संकल्प है की समाज शोषण मुक्त हो यह तभी संभव है जब प्रत्येक ग्राहक जागरूक होगा। सुरेंद्र सक्सेना ने उपभोक्ता के कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी सभी ग्राहकों को दी और शोषित ग्राहक को न्याय पाने के लिए उपभोक्ता फोरम में किस प्रकार से ग्राहक आकार प्रतिवाद लगा सकता है।

# पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी व खोज-बचाव प्रशिक्षण का शुभारंभ



**ब्यावरा।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार व कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम एवं ध्वस्त ढांचा एवं खोज व बचाव संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन गुरूवार को किया गया। यह प्रशिक्षण 30 मार्च, 2026 तक पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ में किया जाएगा। जिसके अंतर्गत मुख्य अतिथि प्रोफेसर पालिटेक्निक महाविद्यलाय श्री राजू जैतवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती माता को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस विभाग, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ, सिविल डिफेन्स वालिन्टियर, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, महाविद्यालय, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं सदस्य भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डॉ. रजत कुलश्रेष्ठ एवं श्री डी.आर.वर्मा, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट एवं प्लाटून कमाण्डर श्री सुनिल अहिरवाल होमगार्ड द्वारा भूकंप जैसे आपदाओं के समय त्वरित प्रतिक्रिया, खोज एवं बचाव तकनीक, आपदा प्रबंधन के समन्वयित प्रयास तथा ध्वस्त संरचनाओं में सुरक्षित तरीके से कार्य करने के संबंध में व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करना, जन-धन की हानि को न्यूनतम करना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाना है।

# कलेक्टर ने लायरा स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया, कहाः स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवाई तहसील के आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायरा का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वाथ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार कि लापरवाही न हो। उन्होंने कई व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, दवाओं की



उपलब्धता, मरीजों के उपचार, रिकॉर्ड संधारण एवं स्टाफ की उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिलना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप रहें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिले और किसी भी मरीज को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना आवश्यक है।

### परीक्षा के समय तनाव रहित कैसे रहें विषय पर कार्यशाला आयोजित

**राघौगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में राष्ट्रीय कार्यबल प्रकोष्ठ अंतर्गत "परीक्षा के समय तनाव रहित कैसे रहें" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया परस्ते द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।अपने उद्बोधन में डॉ. माया परस्ते ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि छात्र-छात्राएं पूरे वर्ष नियमित रूप से अध्ययन करें तो परीक्षा के समय तनाव स्वतः कम हो जाता है। इसी क्रम में डॉ. पूनम नामदेव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा को एक अवसर के रूप में लेना चाहिए, जिसके माध्यम से वे अपने ज्ञान और क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक कुमारी प्रतिभा दुबे ने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षा के समय तनाव होना स्वाभाविक है, लेकिन इसे नियंत्रित करना आवश्यक है।

# जमीन सौदे में फंसे 15 लाख रुपए लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं कोर कमेटी सदस्यों की उपस्थिति में हुई। बैठक में विभिन्न जटिल पारिवारिक व आर्थिक प्रकरणों की सुनवाई कर संतोषजनक समाधान किया गया। एक बुजुर्ग महिला ने जमीन खरीद के लिए दिए गए 15 लाख रुपए वापस न मिलने की शिकायत की थी। पंचायत द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश देने पर विक्रेता ने पूरी राशि लौटाने के साथ 2.5 लाख रुपए ब्याज देने पर सहमति जताई। पीड़िता ने राहत मिलने पर संतोष व्यक्त किया। गंजबासौदा की एक वृद्ध महिला ने बेटे-बहू के व्यवहार से परेशान होकर शिकायत की थी। पंचायत में समझाइश के बाद तय हुआ कि महिला अपने मकान के ऊपरी हिस्से में रहेंगी, जबकि बेटा-बहू नीचे निवास करेंगे। एक माह बाद समीक्षा के निर्देश दिए।

### तीन लोगों के खिलाफ जारी हुआ जेल के लिए गिरफ्तारी वारंट

**गुना।** शासकीय भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण के संबंध में एक अभियान चलाकर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं राघोगढ़ एसडीएम अमित कुमार सोनी द्वारा तहसील मकसूदनगढ़ के अवधनारायण पुत्र शंकरलाल मीणा कमलपुरा तथा हिंगोना निवासी लखन पुत्र जयनारायण मीणा उधम सिंह पुत्र शिवनारायण मीणा द्वारा ग्राम कमलपुरा स्थित सर्वे क्रमांक 101 रकवा 1.672 हिंगोना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 364 रकवा 2.09 हेक्टेयर पर पटवारी रिपोर्ट अनुसार गेहूं की फसल बोकर अतिक्रमण किया गया था जिसमें प्रकरण क्रमांक 0037 एवं 0038/ अ - 68/2025 26 के तहत कार्यवाही कर आदेश पारित किया गया था लेकिन 7 दिवस पश्चात भी अतिक्रमण न हटाने पर अर्थदण्ड आरोपित कर बेदखल किया गया था फिर भी अतिक्रमण न हटाने पर तहसीलदार मधुसुदनगढ़ के प्रतिवेदन पर उपखंड अधिकारी राघोगढ़ द्वारा मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 में निहित प्रावधानों के तहत जेल वारंट जारी किया गया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को दिया पार्टी के प्रति पूर्णतः समर्पण रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

नगर के आवास कालोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में दो दिवसीय भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मण्डल महाअभियान पर यह शिविर केवल पारंपरिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं को बदलते राजनीतिक दौर के अनुरूप ग्राउंड . डिजिटल मॉडल पर तैयार करने का प्रयास भी दिखा। इस प्रशिक्षण में 8 सत्रों के जरिए कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति, विचारधारा और तकनीकी दक्षता का मिश्रित प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक पुरसिह पंवार, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, बलराम टांक सहित जिले के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास से जोड़ते हुए समर्पण और निरंतर सक्रियता का संदेश दिया। शिविर में अनुशासन, संवाद और सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। यह प्रशिक्षण महाअभियान एक तरह से संगठन के नए वर्किंग मॉडल की झलक भी रहा, जहां बूथ स्तर की मजबूती के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पकड़ को भी उतनी ही अहमियत दी जा रही है। मण्डल के कार्यकताओं सहित पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पत्नी वियोग में पति की जहर से मौत परिजनों ने सड़क पर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

लीमाचैहान थाना क्षेत्र के दराना गांव में एक युवक ने पत्नि के वियोग में जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक बालू वर्मा 28 वर्ष की बुधवार रात इंदौर में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार शाम करीब 4 बजे शव लेकर पहुंचे परिजनों ने लीमाचैहान थाना के सामने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम की स्थिति बना दी और पुलिस पर समय पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए। बाद में एसडीओपी अरविंद्र सिंह ने पीड़ितों को आश्वासन दिया उसके बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार, बालू वर्मा



और उसकी पत्नी संगीता वर्मा के बीच करीब दो सप्ताह पहले विवाद हुआ था। चार बेटियों की मां संगीता, दो बेटियों को साथ लेकर बिना बताए अपने मायके गोंदलमऊ चली गई थी। इस पर बालू ने लीमाचैहान थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला को दस्तयाब कर दोनों के बीच बातचीत कराई, लेकिन पत्नी के वापस लौटने से इनकार करने पर बालू ने करीब पांच दिन पहले खेतों में उपयोग होने वाली कीटनाशक दवा पी ली। गंभीर हालात में उसे सारंगपुर से इंदौर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

# ई-टोकन प्रणाली से खाद वितरण हुआ आसान



**ब्यावरा।** कृषि विभाग ने गुरुवार को जनपद पंचायत खिलचीपुर सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें राजस्व विभाग के पटवारी, सहकारी समिति प्रबंधक, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और कृषि विस्तार अधिकारी शामिल हुए।अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री प्रहलाद सिंह बारेला ने प्रतिभागियों को ई-टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया सविस्तार समझाई, ताकि किसानों को उर्वरक वितरण में कोई परेशानी न हो। इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता और सुगमता प्रदान करना है। ई-टोकन प्रणाली के तहत किसानों को उर्वरक प्राप्ति के लिए एक डिजिटल टोकन प्रदान किया जाता है, जिसमें उनकी आवश्यकता अनुसार उर्वरक की मात्रा, वितरण केंद्र, तिथि और समय का उल्लेख होता है। इससे किसानों को लंबी कतारों में लगने की झंझट खत्म हो जाती है। उप संचालक कृषि श्री सचिन जैन द्वारा किसानों को संतुलित मात्रा में खाद डालने की सलाह देने के संबंध में विस्तार से बताया।

### नगरीय प्रशासन की ओर से विभाग के अधिकारी को दिया सूचना पत्र

# संपत्ति कर बकाया होने पर नपा ने विद्युत दफ्तर में लगाया ताला, गायब हो गई शहर की बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नगरीय प्रशासन की और से मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के संभागीय अधिकारी का सूचना पत्र जारी कर जिले की समस्त नगर पालिकाओं की संपत्ति कर की राशि जमा करने के लिए सूचना दी गई है उसी क्रम में प्रशासन की ओर से नगर पालिका को निर्देश दिए की संपत्ति कर तत्काल वसूल करें नगरी प्रशासन विभाग के आदेश अनुसार सारंगपुर नगरपालिका के द्वारा अपना संपत्ति कर वसूलने के लिए मध्य प्रदेश विद्युत मंडल सारंगपुर को कई नोटिस दिए लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया ना कोई राशि जमा की इस पर गुरुवार को नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने विद्युत विभाग के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए मौका पंचनामा बनाकर अधीक्षण यंत्री कार्यालय सहित बिजली विभाग के दफ्तर पर ताला लगाकर सील कर दिया। बताया जा रहा है कि लंबे समय से मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय सारंगपुर पर नगर पालिका का संपत्ति कर बकाया टैक्स



की वसूली को लेकर की गई। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका द्वारा बीते 4-5 वर्षों से भवन कर, स्वच्छता कर और प्रकाश कर की राशि की मांग की जा रही थी। बिजली विभाग पर कुल 1 करोड़ 89 लाख रुपये से अधिक का टैक्स बकाया है। नपा द्वारा पिछले दो वर्षों में लगभग 20 से अधिक नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन विभाग ने राशि जमा नहीं की। इसी बीच बुधवार को बिजली विभाग ने बकाया बिल का हवाला देते हुए शहर की स्ट्रीट लाइट का कनेक्शन काट दिया। जबकि नगर पालिका का कहना है कि पहले ही बिल एडजस्टमेंट के लिए विभाग को अवगत कराया गया था। इसके बावजूद स्ट्रीट लाइट बंद करने से नाराज नपा ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के कार्यालय में ताला लगाकर सील कर दिया।

नगर पालिका एवं विद्युत मंडल की राजस्व वसूली नगर वासियों पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है गर्मी के मौसम और दुर्गा पूजा के अवसर पर दो विभागों के बीच का लेनदेन नगर वासियों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है दोपहर से नगर की बिजली बंद है विद्युत विभाग के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बिजली फाल्ट है और कार्यालय में ताला लगा है ऐसे में सुधार कार्य का समान कैसे निकाले जब ताला खुलेगा तभी समान निकलेगा इसके लिए वरिष्ठ अधिकारी बात कर रहे है लेकिन सत्यता यही है कि खबर लिखे जाने तक नगर की बिजली पूर्ण रूप से बंद है इधर नपा अधिकारी दीपक रानवे ने बताया कि जब तक बकाया टैक्स और पेनल्टी की राशि जमा नहीं की जाती, तब तक कार्यालय पर लगा ताला नहीं खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की राशि वसूलना जरूरी है और इसी उद्देश्य से यह सख्त कदम उठाया गया है।

### इनका कहना है

नगरीय प्रशासन विभाग की और से संपत्ति कर वसूली के लिए पत्र प्राप्त हुआ था इसी के पालन में विद्युत मंडल कार्यालय में ताला डाला गया है।

**दीपक रानवे**, सीएमओ सारंगपुर,

नगर पालिका सारंगपुर की और से संपत्ति कर वसूली का नोटिस दिया गया। नोटिस में 15 दिवस को काटकर दो दिवस का समय देकर संपत्ति कर वसूली की मांग की गई। हमारे द्वारा नपा प्रशासन से संपत्ति कर किस दर से वसूली नोटिस दिया इसकी जानकारी चाही गई लेकिन जानकारी तो नहीं दी और ऑफिस में ताला डाल दिया गया।

**विद्यासागर सिंह**,
सहायक यंत्री विद्युत वितरण कम्पनी सारंगपुर

**खबर संक्षेप**

## पुलिस ने जब्त की लाखों रुपए की सट्टा पर्ची



**बागली।** उदय नगर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई जिसमें बड़े पैमाने पर सट्टा पर्चियां जब तक की गई है। बुधवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उदयनगर क्षेत्र अंतर्गत जोशी कालोनी रामपुरा में पप्पू पिता जामसिंह रावत अपने घर के कमरे में सट्टा पर्ची लिखवाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी उदयनगर उनि विजेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई । पुलिस टीम द्वारा जोशी कालोनी में पप्पू पिता जामसिंह रावत के घर के कमरे से लाखों रुपए की सट्टा पर्चियां, पर्चे लीड पेन जप्त कर आरोपी पप्पू पिता जामसिंह रावत के विरुद्ध थाना उदय नगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## कमलापुर क्षेत्र में पेट्रोल डीजल, कीमतों में बढ़ोतरी

**चापडा।** इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर डीजल एवं पेट्रोल के भाव में बढ़ोतरी हुई। डीजल 3 प्रति लीटर एवं पेट्रोल में 5 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। वही बामन खेड़ी में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोल पंप पर पंप मैनेजर राधेश्याम जाट ने चर्चा में बताया कि डीजल पेट्रोल का स्टॉक नहीं होने के कारण पूरी तरह बंद है। कमलापुर के इंडियन ऑयल पंप पर पेट्रोल पंप के मालिक इसरारउद्दीन कुरैशी ने बताया कि सात रोज डीजल पेट्रोल का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है इसलिए पूरी तरह बंद है। वही इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल पंप के मालिक मनोज जैन ने बताया कि यह पेट्रोल पंप प्राइवेट कंपनी का होने के कारण इसमें भाव कभी भी बड़ाए या घटाए जा सकते हैं। चापड़ा भारत पेट्रोलियम पंप भी डीजल का स्टॉक नहीं होने से सिर्फ पेट्रोल ही पुराने रेट में ही दिया जा रहा है।

### भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव और चैत्र नवरात्रि के समापन पर जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए

# रामनवमी पर मंदिरों में गूंजे 'भए प्रकट कृपाला' के जयकारे आष्टा में घंटा-घड़ियाल और शंख ध्वनि के साथ मना उत्सव





मंदिरों और घरों में घंटा-घड़ियाल तथा शंख ध्वनि गूंज उठी। इस दौरान 'भए प्रकट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी' के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शुक्रवार को भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव और चैत्र नवरात्रि के समापन पर शहरभर में उत्साह का माहौल रहा। दोपहर 12 बजते ही मंदिरों और घरों में घंटा-घड़ियाल तथा शंख ध्वनि गूंज उठी। इस दौरान 'भए प्रकट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी' के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गए। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गीत गाए और विशेष पूजन-हवन अनुष्ठान किए गए। शहर के बुधवार मार्ग स्थित प्राचीन राम मंदिर में भी दोपहर 12 बजे घंटे-घड़ियाल बजने लगे। यहां महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। भजन गायक राजू जायसवाल और ललित नागोरी की टीम ने भक्तिमय भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा और व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शहर भर में कन्याभोज और भंडारे हुए

रामनवमी और दुर्गानवमी के अवसर पर कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। बजरंग कॉलोनी, साईं कॉलोनी, माता मंदिर चौराहा गंज सहित कई क्षेत्रों में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। खेड़ापति हनुमान श्रीराम मंदिर में भी महाआरती के साथ प्रसाद का वितरण किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### राम मंदिरो में हुए कार्यक्रम

पंडित अमित तिवारी ने बताया कि रामनवमी और दुर्गा नवमी के महत्व को समझते हुए मंदिर में भक्तों का तांता सुबह से ही लगना शुरू हो गया था। खेड़ापति के श्रीराम मंदिर के साथ राम मंदिर, अलीपुर राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन किया गया है।

### सैंधव राजपूत समाज द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा का हिन्दू उत्सव समिति ने किया स्वागत

श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर सैंधव राजपूत





समाज द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा का हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण सिंह मुकाती एवं राम मंदिर समिति बुधवारा के अध्यक्ष गोविंद सोनी के नेतृत्व मे भव्य स्वागत किया गया शौर्य यात्रा मे शामिल राजपूत समाज के पदाधिकारियों का साफा एवं राम नाम के भगवा दुपट्टे डालकर भव्य स्वागत किया गया तदुपरांत श्री राम मंदिर में वाद्य यंत्रो के साथ श्री राम जी की स्तुति एवं आरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना विनीत सिंघी, कैलाश परमार पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष कृपाल सिंह पटडा , भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अनोखीलाल खंडेलवाल, राकेश सुराणा, ललित नगौरी व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर पूर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष संजय सोनी बंटू, उमेश शर्मा ,राजू जायसवाल वरिष्ठ समाज सेवी बी एस वर्मा, अनूप जैन कचरू, डॉ राजेन्द्र जैन, प्रदीप राठौर, राधेश्याम सोनी, रमेश भामा, प्रेमनारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

### श्यामपुर में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

**सीहोर।** श्यामपुर में चैत्र नवरात्रि की नवमी के पावन अवसर पर सीहोर जिले के श्यामपुर में प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नगर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के प्रमुख केंद्रों से होते हुए हुआ। भगवान श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी के स्वरूपों से सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गोंःबड़ी भवानी मंदिर,महावीर चौक,लक्ष्मण चौक,कालका चौक,श्री राम चौक,मेन मार्केट इन सभी प्रमुख स्थानों से होते हुए शोभायात्रा वापस बड़ी भवानी मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और ‡जय श्री राम‡ के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के समापन के पश्चात बड़ी भवानी मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति द्वारा व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# क्षेत्र की विद्युत समस्याओं और वसूली को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से कांग्रेसी मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्य प्रदेश विद्युत विभाग के उप संभाग आष्टा द्वारा किसानो एवं अन्य उपभोक्ताओं से बहुत शक्ति से विद्युत बकाया बिलों की वसूली की जा रही है जिसमें उपभोक्ताओं किसानो से उनके वाहन एवं कृषि यंत्र को पड़कर किसानों को विद्युत विभाग द्वारा अपमानित किया जा रहा है जिसको लेकर आज किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने बिजली विभाग आष्टा पहुंच कर अधिकारियों से चर्चा की जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण आष्टा महेश मुंडी खेड़ी सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस जगदीश चौहान ने बिजली विभाग के अधिकारी तिवारी से चर्चा करते हुए कहा कि किसानो की उपज सरकार द्वारा 7 अप्रैल 2026 से खरीदी जाएगी उसके बाद शासन किसानों को उनकी उपज का भुगतान करेगी तब जाकर किसानों के पास पैसा आएगा तब आप लोग किसानों से विद्युत बिलों की बकाया राशि प्राप्त कर सकते हैं जब शान उनको उनकी उपज का पैसा देगा ऐसे में विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को उनके वाहन एवं कृषि यंत्र पकड़ कर अपमानित करना बंद करें वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान ने कहा कि आपके विद्युत विभाग की विद्युत संचालन व्यवस्था में झूलते हुए तार आपस में टकराकर फाल्ट हो रहे हैं जिससे आग लग रही है और किसानों का भारी नुकसान हुआ है एवं होने की संभावना से इनकार नहीं कर सकते ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश मुंडी खेड़ी ने कहा कि अघोषित रूप से आए दिन ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है जिससे गर्मी की वजह से एवं अन्य कृषि कार्यों में अवरोध पैदा हो रहा है जिसे तत्काल बंद किया जाए सारी बातों को सुनकर विद्युत विभाग के अधिकारी तिवारी ने शीघ्र निराकरण करवाने का आश्वासन दिया एवं विद्युत व्यवस्था और बकाया बिलों के वसूली को भी शक्ति से ना करते हुए किसानों को उनकी उपज का भुगतान शासन स्तर से होने तक नहीं करने का आश्वासन दिया वहीं जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस जगदीश चौहान ने एक हस्तलिखित ज्ञापन भी विद्युत अधिकारी को सौंप कर चाही गई समस्याओं का निराकरण करने की मांग की अन्यथा जल्दी ही आष्टा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को उनकी समस्या को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ विधानसभा स्तरीय बड़ा जन आंदोलन करने को विवश होंगे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण महेश मूंदीखेड़ी पूर्व मंडलम अध्यक्ष प्रेम सिंह पटारिया किसान नेता पुष्पराज जादौन आदि मौजूद रहे।

# चैत्र नवरात्रि में भव्य डांस प्रतियोगिता संपन्न विधायक शर्मा ने किया पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



प्रतियोगिता मे जीत हार उत्तम से सर्वोत्तम की और पहुंचने का रास्ता भर है। सभी प्रतिभागी अपने आप मे श्रेष्ठ है। सभी प्रतिभागियो ने अपना अपना प्रदर्शन बहुत ही बेहतर ढंग से किया।उक्त उदगार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्नौद खातेगांव के विधायक पं. आशीष शर्मा ने व्यक्त किए। विशेष अतिथि के रूप मे वन परिक्षेत्र अधिकारी बिजवाड मनीषा बुंदेला उपस्थित थी।

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति बजरंग चौक सुंद्रेल के तत्वाधान में 24 मार्च एवं 25 मार्च को डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 21000/- विधायक आशीष शर्मा मित्र मंडल द्वारा दिया गया , द्वितीय पुरस्कार 11000/- खेड़ापति बालाजी महाराज के सौजन्य से दिया गया।सभी सेमीफाइनलिस्ट मे प्रत्येक को एक चांदी का गिफ्ट छोटेलाल मरमट रितेश मरमट की और से एवं प्रथम विजेता को शील्ड (ट्रॉफी) टिंकू पटेल द्वितीय विजेता को शील्ड (ट्रॉफी) राजू पाठक द्वारा प्रदान की गई।प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में मुख्य रूप से रॉक डांसर आजाद परिंदा मुंबई,डांस इंडिया डांस के सुपर स्टार फेम पार्थ पाल इंदौर,इंडिया गोट टेलेंट के सेमीफाइनलिस्ट शुभम खरगोन की विशेष उपस्थिति रही!प्रतियोगिता मे जज के रूप मे बेस्ट कोरियोंग्राफर रामोजी फ़िल्मि सिटी हैदराबाद से माइकल जोशी,पेमेंद्र कुमार (प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बांध),आदित्य ताम्बे (ग्रेट म्यूजिशियन) निर्णायक की भूमिका मे उपस्थित थे।उक्त प्रतियोगिता मे प्रथम विजेता पुरुष्कार करण गिरी भोपाल एवं द्वितीय विजेता पुरुष्कार विनोद शर्मा इंदौर को प्रदान किया गया।उक्त आयोजन में जय श्री गोविंदा सेवा संस्थान, जय श्री गणेश मित्र मंडल, श्री सुंदरेश्वर युवा संगठन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।इस अवसर पर हजारों की संख्या मे महिला पुरुषो ने कार्यक्रम मे शिरकत की।पुलिस प्रशासन की और से नवागत बिजवाड़ चौकी प्रभारी मलखान सिंह भाटी, आरक्षक दिलीप बेडवाल एवं स्टाप ने व्यवस्था बनाने मे उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया।

### चैत्र नवरात्र अष्टमी पर माता टेकरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

# तुलजा भवानी व चामुंडा के दर्शन करने श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर गुरुवार सुबह से ही शहर की प्रसिद्ध माता टेकरी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी माता तुलजा भवानी और छोटी माता चामुंडा माता के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु सुबह से ही टेकरी पर पहुंचने लगे। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

### सुबह की आरती में उमड़ी श्रद्धा

अष्टमी के पावन अवसर पर सुबह की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा और भक्तों ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। दिनभर माता टेकरी पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहने की संभावना है।

### नवरात्र में 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

नवरात्र के दौरान माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। बड़ी माता



मंदिर के पुजारी मुकेश नाथ के अनुसार, अब तक पांच लाख से अधिक भक्त माता के दर्शन कर चुके हैं।

### आस-पास के जिलों से पहुंच रहे श्रद्धालु

नवरात्र के दौरान देवास के साथ-साथ शाजापुर, उज्जैन, इंदौर और आसपास के कई जिलों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता टेकरी पहुंच रहे हैं। दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। माता टेकरी पर इन दिनों आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। भक्त माता के जयकारों के साथ अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंच रहे हैं और श्रद्धा भाव से दर्शन कर रहे हैं। जन चेतना सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत सप्तम दिवस पर भव्य आरती का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे और माँ के दरबार में अपनी आस्था अर्पित की। नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन संगीत में आरती के पश्चात हो रहे हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी सहित विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिले एवं नगर के पदाधिकारी भी शामिल हुए। साथ ही जिला मंत्री संदीप चौबे, विभाग सह-संयोजक नारायण शर्मा, विजय पांचाल, धर्मेश जोशी, सचिन राठौर, संजय शर्मा, अनिकेत यादव, चेतन राजस्कर, धीरज विजयवर्गी, निरंजन सविता, अनिल प्रजापत, दीपक मालवीया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी श्रद्धालुओं ने एक साथ माँ की आरती में भाग लेकर माँ जगत जननी का आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव के समापन अवसर पर माँ जगत जननी की विदाई एवं भव्य चल समारोह का आयोजन 28 मार्च को शाम 4:00 बजे किया जाएगा, जो सयाजी गेट से प्रारंभ होगा। संस्था ने श्रद्धालु जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित चल समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

# गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज का 29 को युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

मां चामुंडा की पावन नगरी देवास में एक बार फिर सामाजिक एकजुटता और पारंपरिक मूल्यों के भव्य उत्सव की साक्षी बनने जा रही है। सर्व ब्राह्मण संगठन के तत्वावधान में आगामी 29 मार्च, रविवार 2026 को उज्जैन रोड स्थित श्याम गार्डन में विशाल 'युवक-युवती परिचय सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज का एक विराट परिचय महाकुंभ होगा, जहां देश-प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के स्वजन बड़ी संख्या में एकत्रित होकर अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश करेंगे। “रिश्तों की अब ना बचेगी आस, चलो देवास चलो देवास” के उद्घोष के साथ आयोजित इस सम्मेलन को लेकर समाज में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। मां चामुंडा की पावन धरा पर होने वाला यह आयोजन संस्कार, परंपरा और आधुनिक सोच का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवतियां मंच के माध्यम से अपना परिचय देंगे, जिससे परिवारों को एक पारदर्शी और विश्वसनीय वातावरण में रिश्तों के चयन का अवसर मिलेगा।

आज के समय में जहां रिश्तों की तलाश जटिल होती जा रही है, वहीं यह सम्मेलन समाज के लिए एक सशक्त और सार्थक पहल बनकर उभरेगा। इस गरिमामय आयोजन का मार्गदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी , प्रांतीय अध्यक्ष पं. राजेश त्रिवेदी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद व्यास द्वारा किया जा रहा है, साथ ही इस सम्मेलन के सूत्रधार जिनके नेतृत्व में आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन समिति ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं विवाह योग्य बच्चों के साथ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुनीत कार्य को सफल बनाएं। समिति का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य रिश्तों का निर्धारण कर समाज में ल एकता, सद्भाव और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है।

इस आयोजन को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा, संयोजक कमलेश शर्मा, सतीश व्यास, शुभम शर्मा, अर्पित व्यास घनश्याम शर्मा, महेश शर्मा, रवि शर्मा, अंकित शर्मा, रवि व्यास, आनंद शर्मा, बिट्टू व्यास, गौरी शंकर शर्मा सहित पूरी टीम सक्रिय भूमिका निभा रही है। वहीं आशीष कुमार शर्मा (पूर्व प्रदेश प्रभारी, युवक संघ मध्य प्रदेश, देवास सभा महामंत्री) का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।